INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VIII (3rd lang.)	Department: Hindi	Date of Submission :22-10-19
Worksheet No: 4	Topic: Comprehension	Note: Pl. file in portfolio

प्र -1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए:-

राजा सुषेण के मन में कुछ प्रश्न थे। जिनके उत्तर की तलाश में वह एक महात्मा के पास पहुँचे। महात्मा ने कहा, "अभी मेरे पास समय नहीं है। मुझे अपनी वाटिका बनानी है।" राजा भी उसकी मदद करने में जुट गए। एक घायल आदमी भागता -भागता आया और गिरकर बेहोश हो गया। महात्मा जी ने उसके घाव पर दवाई लगाई। राजा भी उसकी सेवा में लग गए। जब आदमी होश में आया तो राजा को देखकर चौंक पड़ा। राजा से क्षमा माँगने लगा ।
जब राजा ने इसका कारण पूछा तो उसने बताया कि वह राजा को मारने के इरादे से निकला था, लेकिन सैनिकों ने उसे पहचान लिया और उस पर हमला कर दिया। वे किसी तरह जान बचाकर भागता हुआ इधर पहुँचा है। महात्मा जी के कहने पर राजा ने उसे क्षमा कर दिया। लेकिन तब राजा ने महात्मा से प्रश्न किया, "मेरे तीन प्रश्न हैं। सबसे उत्तम समय कौन- सा है?, सबसे बढ़िया काम कौन- सा है ?और सबसे अच्छा व्यक्ति कौनहै?'महात्मा बोले, 'हे राजन,इन तीनों प्रश्नों के उत्तर तो तुमने पा लिए हैं। फिर भी सुनो, सबसे उत्तम समय है वर्तमान। आज तुमने वर्तमान समय का सदुपयोग करते हुए मेरे काम में हाथ बँटाया और वापस जाने को टाला, जिससे तुम बच गए, नहीं तो वह व्यक्ति तुम्हारी जान ले सकता था। और जो सामने आ जाए, वही सबसे बढ़िया काम है। आज तुम्हारे सामने बगीचे का कार्य आया और तुम उसमें लग गए । वर्तमान समय का सदुपयोग किया। इसी काम ने तुम्हें दुर्घटना से बचाया और बढ़िया व्यक्ति वह है जो सामने हो। उस व्यक्ति के लिए अपने दिल में अच्छी भावना ला कर तुमने उसकी सेवा की ,इससे उसका हृदय परिवर्तन हो गया और तुम्हारे प्रति उसका वैर भाव भूल गया। जीवन के इस रहस्य को जानकर राजा महात्मा के सामने नतमस्तक हो गए।

P.T.O

प्रश्न 1- महात्मा किस काम में लगे हुए थे?

प्रश्न 2 - राजा के तीन प्रश्न कौन-कौन से थे?

प्रश्न 3 - राजा कैसे बच गए?

प्रश्न4- महात्मा जी के अनुसार सबसे उत्तम समय कौन सा है?

प्रश्न5 - महात्मा जी के अनुसार बढ़िया काम कौन -सा है ?

प्रश्न 6 - व्यक्ति का हृदय परिवर्तन कैसे हुआ?

****